सार-समाचार

मनसा एएसजी आई हॉस्पिटल का शुभारंभ

सीकर (निसं)। सीकर के जयपुर बीकानेर बाइपास पर रविवार को मनसा एएसजी आई हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मौके पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र पारीक ने फीता काटकर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होने हॉस्पिटल के नवीन भवन का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान मनसा एएसजी आई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. नरेन्द्र चौहान ने अस्पताल की नई सुविधाओं की जानकारी देते हुए आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। वरिष्ठ फेको एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र चौहान ने बताया कि अस्पताल में मोतियाबिंद, रेटिना, कस्टमाइज्ड लेसिक, डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा, भैंगापन, ओक्यूलोप्लास्टी, कॉर्निया के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही नवजात शिशु में होने वाली रेटिना की बीमारी का ईलाज, राजस्थान सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेश ईलाज की सुविधा भी उपलब्ध है। हॉस्पिटल में विभिन्न विशेषज्ञों की पूरी टीम काम कर रही है। जिसमें प्रमुख रूप से रेटिना स्पेशलिस्ट डॉ. अन्नु चाहर, ग्लुकोमा स्पेशलिस्ट डॉ अमित शर्मा सहित अन्य नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स शामिल है। इस दौरान शुभारंभ समारोह में निवर्तमान सभापति जीवण खां , वरिष्ठ सर्जन डॉ. जीएल राठी, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. महेन्द्र बुडानिया, नटवर बिंदल, डॉ. संजीव राहड, डॉ. कैलाश पचार, शशि बहड, अनिता शर्मा, राजकुमार जोशी सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्यजन और डॉक्टर्स मौजूद रहे। हॉस्पिटल के मैनेजर पवन कुमार सोनी ने बताया कि यह हॉस्पिटल न केवल आधुनिक नेत्र उपचार की दृष्टि से सीकर वासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में एक नई पहचान भी बनाएगा।

गणेश चतुर्थी महोत्सव 2025 की शुरूआत

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय सब्जी मंडी के पास स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव 2025 का भगवान शिव का रुद्राभिषेक के साथ शुरुवात हुआ। मंदिर परिवार के कृष्णकांत काछवाल सपत्निक द्वारा लीलाधर बृहस्पति के आचार्यत्व में विद्वान पंडितो के द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया तथा भगवान शिव की पुजा-अर्चना की गई। मंदिर पुजारी अणतराम काछवाल ने बताया कि 25 अगस्त सोमवार को प्रातः भगवान सिद्धिविनायक का दुग्ध अभिषेक, 26 अगस्त मंगलवार को प्रातः सिद्धिविनायक का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा 27 सितंबर बुधवार को गणेश चतुर्थी पर प्रातःसहस्त्रार्चन, दोपहर गणेश जन्मोत्सव तथा सांय 5:30 बजे से गणेश भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गणेशजी के मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा के पश्चात रात्रि विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगर के प्रसिद्ध भजन गायकारो द्वारा मनभावक भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबु इन्दोरिया, कृष्णकांत काछवाल, राधाकृष्ण पीपलवा, पंकज पीपलवा, लालचंद गॉड, आकाश बसीर, लक्ष्मण स्वामी, अथर्व काछवाल, गौतम मंगलहारा, राजु सेवदा सहित आयोजन समिति के अनेक कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुये हैं।

सीकर में जमकर बारिश हुई

सीकर (निसं)। सीकर में रविवार को सुबह हुई तेज बारिश ने शहर में जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। नवलगढ़ रोड पर 4 से 5 फीट तक पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया, जिसके चलते कई कोचिंग छात्र ट्रैक्टर में सवार होकर कोचिंग पहुंचने को मजबूर हुए।इसी तरह शहर के सीकर के लोहारू स्टैंड पर भी 2 से 3 फीट तक पानी भर गया, जबकि बजाज रोड क्षेत्र में करीब 1 किलोमीटर तक 2 फीट तक पानी जमा रहा। सिल्वर जुबली रोड से पहले रानी महल के सामने भी जलभराव की स्थिति बनी रही।इसके अतिरिक्त, जाट बाजार क्षेत्र और सूरजपोल गेट क्षेत्र में जलभराव होने के कारण बार-बार वाहनों का जाम लगता रहा। दो नंबर डिस्पेंसरी और फतेहपुर रोड सहित निचले इलाकों में भी जलभराव की समस्या देखने को मिली।मौसम विशेषज्ञ के अनुसार सीकर सहित शेखावटी एरिया में 26 अगस्त तक तेज बारिश होने के आसार हैं। यहां पर रविवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया था।सीकर जिले में रविवार को बारिश (एम)पाटन50 रींगस123 सीकर 21 नीमकाथाना 70 अजीतगढ़ 94 लोसल 47 रामगढ़ शेखावाटी 20 धोद 42 लक्ष्मणगढ़48 खंडेला140 दांतारामगढ़ 72 नेछवा 56 पलसाना 98 श्रीमाधोपुर 81 सीकर ग्रामीण 33 फतेहपुर 11 वर्षा दर्ज गई है।

सर्व सिद्धि विनायक मंदिर में मेवों की झांकी सजाई

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। यहां के सर्व सिद्धि विनायक मंदिर में ग्यारह दिवसीय गणेश जन्मोत्सव कार्यक्रम के सातवें दिन शनिवार को भगवान गणपति की मेवों की झांकी सजाई गई। गणेश जन्मोत्सव समिति के व्यवस्थापक प्रमोद मंगलूनेवाला ने बताया कि 17 अगस्त से 27 अगस्त तक ग्यारह दिवसीय कार्यक्रम में 17 अगस्त से 18 अगस्त तक आर्टिशियल झांकी व 19, 20 व 21 अगस्त को मोतियों की झांकी सजाई गई जबकि 22 अगस्त व 23 अगस्त को मेवो की झांकी सजाई गई तथा 24 अगस्त फूलों की झाकी, 25 अगस्त फलों की झांकी व 26 अगस्त की रात्रि को छप्पन भोग झांकी सजाई जाएगी। 26 अगस्त को प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा रात्रिकालीन जागरण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त बुधवार की सुबह मंदिर प्रांगण में भगवान गणपति का 1008 लड्डुओं, दुग्धा व दूर्वा अभिषेक होगा जबकि दोपहर में गणेश जी महाराज की कथा की जाएगी। इसी दिन शाम को 4 बजे गणेश जी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में महिला कलश यात्रा, विभिन्न संस्थाओं की आकर्षक झांकियां, भजन मंडली शामिल होगी।

11 छात्राओं का प्री नेशनल शूटिंग के लिए चयन हुआ

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा की छात्राओं का प्री नेशनल शूटिंग में चयन हुआ है। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि जगतपुरा जयपुर में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल वूमन प्रतियोगिता में विद्यालय की होनहार छात्राओं ने शूटिंग कोच अभिलाषा के नेतृत्व में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 23वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें विद्यालय की छात्राएं पल्लवी खीचड़, आराध्या लाल, तृषा वर्मा, माही, अनुश्री, अंशिका, चारुल जाखड़, आराध्या चौधरी, मनस्वी ढाका, यति शर्मा व यानू सैनी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्री नेशनल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी छात्राओं की मेहनत व समर्थन का परिणाम है। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्री नेशनल में चयनित होना एक बड़ी उपलब्धि है। यह छात्राओं के आत्म-विश्वास को बढ़ाएगा और वे राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

13वां सार्वजनिक गणेश महोत्सव 27 से

सुलताना, (निसं)। मैन बाजार स्थित प्राचीन गौशाला में इस वर्ष 13वां सार्वजनिक गणेश महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। गणेश महोत्सव समिति अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल गर्ग ने बताया कि 11 दिवसीय यह आयोजन 27 अगस्त से शुरू होकर 8 सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 9:15 बजे और सांयकाल 8:15 बजे गणेश आरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं हर शाम भजन संध्या का आयोजन रहेगा। महोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त को जादूगर पिंटू प्रजापति के जादुई शो से होगी। कथाव्यास राजेश गौड के सानिध्य में धार्मिक कथा का वाचन प्रतिदिन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें महोत्सव में आयोजित होने वाली महाआरती में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया है।

सिद्धि विनायक मंदिर का शुभारंभ आज से

रतनशहर, (निसं)। झुंझुनूं जिले के ग्राम पोस्ट रतनशहर में स्थापित श्री सिद्धि-सिद्धि विनायक मंदिर का तीन दिवसीय भव्य शुभारंभ समारोह 25 अगस्त से प्रारंभ होकर 27 अगस्त तक चलेगा। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या, शोभायात्रा और महाप्रसाद जैसे विविध आयोजन होंगे। मुख्य आकर्षण 27 अगस्त को प्रातः 10:15 बजे से लगने वाला विशाल मेला रहेगा। पूरे आयोजन में आचार्य संत श्री आनन्दगिरी महाराज की पावन उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के बैनर तले भावनदेसर में 1100 पेड़ लगाए

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच चूरू की ओर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1100 पेड़ों का रोपण किया गया यह पौधरोपण कार्यक्रम संत रुद्रनाथ महाराज के पावन सानिध्य में परतुराम धेतरवाल के खेत में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मंच के जिला प्रभारी अरविंद इंदौरिया जिलाध्यक्ष शिवभगवान सोनी, महामंत्री अनूप पीपलवा, भजनलाल पारीक, उपाध्यक्ष कालूराम तंवर , सचिव राम प्रजापत ठेकेदार, मीडिया सह प्रभारी शंकर लाल धेतरवाल , सदस्य बृजेश दाधीच, सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और कार्यक्रम को जनभागीदारी से सफल बनाया।

संत रुद्रनाथ महाराज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर है।' उन्होंने लोगों से नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने का भी आव्हान किया। मंच के जिला प्रभारी अरविंद इंदौरिया ने बताया कि यह केवल एक शुरुआत है, भविष्य में और भी गांवों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि हरियाली को बढ़ावा दिया जा सके और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटा जा सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीनारायण आमेटा की प्रेरणा से पर्यावरण एवं खनिज संपदा को सुरक्षित करने की

- **संत रुद्रनाथ महाराज के सान्निध्य में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ**

दिशा में संगठन के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आगामी समय में चरणबद्ध योजना बनाकर संगठन को आगे ले जाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर करेंगे। जिला अध्यक्ष शिवभगवान सोनी ने सभी को शानदार कार्यक्रम के लिए धन्यवाद देते हुए संगठन के लिए मजबूती के साथ कार्य करने की बात कही। क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए सभी इसी प्रकार से कार्य करते रहे। इस मौके पर महामंत्री अनूप पीपलवा, भजनलाल शर्मा ने भी पर्यावरण के क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कहा कि जीवन के लिए पेड़ अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

संत होशियार नाथ की बगीची में आए हुए अतिथियों का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। रमेश चन्द्र पारीक, मोहनलाल, शंकरलाल कम्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मंच के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत ही शानदार कार्य किया जा रहे हैं मंच के सभी सदस्य युवा जोश, जुनून के साथ पर्यावरण के क्षेत्र में शानदार कार्य करते हुए अन्य लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रहे हैं।

पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड का लालन पोषण भी करें। युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारुलाल ने कहा कि पेड़ संरक्षण के साथ-साथ पानी का संग्रहण भी बहुत जरूरी है क्योंकि अगर पेड़ पौधों को बरसात का पानी मिलेगा तो पेड़ पौधे और अधिक विकसित होंगे।

उपाध्यक्ष कालूराम तंवर ने कहा मंच के सदस्य पर्यावरण संरक्षण के अलावा जरूरतमंदों की सेवा के लिए भी कार्य कर रही है। इस अवसर पर राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, मंत्री मदन दाधीच, ओमप्रकाश बामणिया, शंकर लाल कम्मा, सरपंच भागीरथ धेतरवाल, रमेश चंद्र पारीक मोहनलाल बबेरवाल, मनोज हारित , टिकुराम कॉलेज रामचंद्र जाट सुभाष मुकेश मूड सुभाष बोचिवाल, भिवाराम घिंटाला, ताराचंद, रामरथ, संजय, शिवम धेतरवाल सहित काफी संख्या में गाँव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मदन दाधीच ने किया।

शिक्षक संघ नीमकाथाना की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

पाटन (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की उपशाखा नीमकाथाना की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन रविवार को पीएम श्री गजानंद मोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नीमकाथाना में सम्पन्न हुआ। यह चुनाव पूरी पारदर्शिता और गरिमा के साथ निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा (व्याख्याता, मावता) और पर्यवेक्षक गोकुल कुमार जांगिड़ (जिला संगठन मंत्री, नीमकाथाना) की देखरेख में सम्पन्न हुए। निर्वाचन के परिणामों के अनुसार रजनीश कुमार को अध्यक्ष, नंजू कुमार को मंत्री, मुकेश शर्मा कोषाध्यक्ष, जयमल गुर्जर सभाध्यक्ष, कैलाश चंद लांबा एवं रतनलाल यादव को उपसभाध्यक्ष, विजेंद्र कुमार गुर्जर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ममता यादव को महिला मंत्री, प्रदीप यादव को पुरुष उपाध्यक्ष एवं विकास कुमारी को महिला उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया।इसके अतिरिक्त 10 प्रदेश महासमिति सदस्य एवं 40 जिला महासमिति सदस्यों की भी घोषणा की गई, जो संगठन की आगामी नीतियों एवं कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में संभाग संयुक्त मंत्री सारिका यादव, जिला प्रवक्ता वंदना शर्मा, महेंद्र जी मंगावा, श्रीमाधोपुर उपशाखा अध्यक्ष, देशराज (जिला अध्यक्ष) एवं वर्तमान ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के सदस्य उपस्थित रहे।

लोक कलाओं को सम्मानित किया

पाटन (निसं)। शहर के निजी शिक्षण संस्थान में आयोजित एक भव्य समारोह में लोक कलाओं के कलाकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विशाल कुमार, मुख्य अतिथि के.पी सिंह, अध्यक्ष अवधबिहारी दास जी महाराज और विशिष्ट अतिथि महेंद्र कुमावत भोजपुरी फिल्म अभिनेता ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक विशाल कुमार ने कलाकारों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक कलाएं हमारी संस्कृति की धरोहर हैं और इनके संरक्षण और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। इनके कारण ही हमारी संस्कृति और पहचान बची हुई है। पंगत और संगत के कारण ही सामाजिक समरसता बनी रहती है।

सामाजिक समरसता संघ की नहीं बल्कि समाज की गतिविधि है उस पर सामाजिक लोगों को साथ आकर काम करना चाहिए। पूजा पद्धित में बदलाव की आवश्यकता है। हम मंदिर निर्माण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा तो देते है परन्तु पूजा पाठ घर में कर लेते है, मंदिरों की आरतियों में शामिल होने का स्वभाव बनाना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों

- **106 लोक कलाकारों का सम्मान दुपट्टा पहना कर प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया**
- **सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह का समापन**

से आए लोक कलाकारों द्वारा कलाओं का प्रदर्शन किया गया। जिसमें पारंपरिक नृत्य, गीत, संगीत और चित्रकला शामिल थी।

मुख्य अतिथि के.पी सिंह निदेशक सरस्वती ग्रुप ऑफ एज्युकेशन ने कलाकारों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ये कलाएं हमारी विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अवधबिहारी दास जी महाराज घुघाड़ी धाम ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इनसे लोक कलाकारों का हौसला बढ़ता है। सामाजिक समरसता को लेकर उन्होंने कहा कि देश में वर्ण व्यवस्था शुरू से रही है और वर्ण व्यवस्था एक प्रकार से सामाजिक व्यवस्था ही थी।

लेकिन जब कभी भी देश हित की बात आए तो सभी को एक जुट हो जाना चाहिए।सर्वजाती प्रतिभा सम्मान समारोह में 106 लोक कलाकारों का सम्मान दुपट्टा पहना कर प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया। सम्मानित कलाकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें अपनी कला को प्रदर्शित करने और प्रोत्साहन प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम का आयोजन हनुमान भक्त मंडल द्वारा किया गया था। जिसका उद्देश्य लोक कलाओं को बढ़ावा देना और कलाकारों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल गुर्जर ने लोक भाषा में किया। कार्यक्रम समापन पर हनुमान भक्त मंडल के संयोजक नंदलाल गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना नरेश जिंदल ने रखी। इस अवसर पर पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर, पाटन प्रधान सुवालाल सैनी, नीमकाथाना उप प्रधान सुरेंद्र खरबास, गोपाल गौशाला अध्यक्ष दौलतराम गोयल, भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर, राजेश गुर्जर, डॉक्टर गोपाल सिंह तंवर, डॉक्टर रणजीत जाखड़, अशोक अग्रवाल सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति और कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

पुलिस और आमजन ने मिलकर फिटनेस का संदेश दिया

झुंझुनूं, (निसं)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत फिट इंडिया मिशन द्वारा आयोजित संडे ऑन साइकिल अभियान का झुंझुनूं रिजर्व पुलिस लाइन में सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों ने मिलकर योग और साइकिलिंग की, जिसका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच आपसी समन्वय को बढ़ाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:30 बजे रिजर्व पुलिस लाइन में सामूहिक योग सेशन के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, झुंझुनूं एकेडमी एवं झुंझुनूं प्रगति संस्थान के परिवार के सदस्य और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। पतंजलि योग समिति के पवन कुमार सैनी एवं उनकी टीम के योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। तत्पश्चात सुबह 7:15 बजे साईक्लिंग रैली का आयोजन किया गया।

रैली रिजर्व पुलिस लाइन से शुरू होकर रेलवे स्टेशन होते हुए शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। इस रैली में पुलिस बल के साथ-साथ स्कूल-कॉलेज के छात्रों, एनसीसी और स्काउट के सदस्यों, सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखी, और अन्य सामाजिक संस्थाओ के प्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल से "फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज" का नारा सार्थक होता दिखा। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय आईपीएस ने इस सफल आयोजन पर झुंझुनूं एकेडमी, झुंझुनूं प्रगति संस्थान एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और सक्रिय सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि साइक्लिंग को जीवन शैली का हिस्सा बनाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह समाज और पुलिस के बीच आपसी समन्वय को भी मजबूत करता है। यह कार्यक्रम न केवल नागरिकों में स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता को बढ़ावा देगा, बल्कि पुलिस और समाज के बीच के रिश्ते को भी मजबूत करेगा। इस अवसर पर एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत, वृताधिकारी वृत झुंझुनूं शहर वीरेन्द्र कुमार शर्मा, वृताधिकारी वृत झुंझुनूं ग्रामीण हरिसिंह धायल, शहर कोतवाल हरजिंदर सिंह सहित पुलिस प्रशासन के विभिन्न पदों पर आसीन अधिकारी एवं कर्मचारी, झुंझुनूं प्रगति संस्थान एवं झुंझुनू एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी, आकाश मोदी, पीटीआई राजकुमार मीणा, डॉ. रवि शर्मा व डॉ. पीएल काजला सहित अन्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हनुमान चालीसा पाठ का वाचन किया

चूरू (निसं)। भास्कर भवन में प्रत्येक रविवार को चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता के 12वें अध्याय का अध्ययन करवाया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन व प्रार्थना के साथ क्लासेज का शुभारंभ किया गया। नियमित अभ्यास के साथ बच्चों को गीता के 5 श्लोकों का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान आचार्य महेश शर्मा ने गणेश चतुर्थी पर्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर बड़ा मंदिर, गढ़ परिसर से निकलने वाली शोभायात्रा में शाम 5 बजे गीता क्लासेज चूरू के बच्चे और आचार्य भी शामिल होंगे। निरंजन देव आचार्य ने बच्चों को नियमित अध्ययन करवाया। इस अवसर पर बच्चों ने सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ का वाचन किया।

गन्दे पानी की निकासी के लिए लोगों ने प्रदर्शन किया

सादुलपुर, (निसं)। नगरपालिका क्षेत्र राजगढ में गुलपुरा मोड वार्ड 27 में गन्दे पानी की निकासी का नाला टूटने से गुलपुरा मोड पर रविवार को गन्दा पानी एकत्रित होने के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन कर पानी की निकासी की माँग की। रविवार शाम पांच बजे के करीब सोमवीर सुड्डा गुलपुरा, संजय सुड्डा, हेमराज आलडिया, तुलसी जांगिड, प्रदीप झाझडिया, अनुप पूनियां, तरसेम व राजवी सहारण सहित अनेक लोगों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर गन्दे के टूटे नाले को दुरूस्त करवाकर गन्दे पानी निकासी की निकासी की मांग की।

वहीं सोमवीर सुड्डा सहित अन्य लोगों ने प्रदर्शन कर बताया कि राजगढ शहर के गन्दे पानी की निकासी के लिए गुलपुरा मोड होते हुए गोशाला बीहड में बनी गन्दे पानी की निकासी डिग्गी में पानी की निकासी की जाती है, लेकिन डिग्गी ऑवर फलो होने के गुलपुरा मोड पर टूटे नाले में से गन्दा पानी वापिस गुलपुरा मोड पर एकत्रित हो गया गया, जिसके कारण आसपास के घरों एवं गुलपुरा की ओर आने जाने वाले राहगिरों के लिए बदबू दे रहा गन्दा पानी परेशानी का सबब बन गया है। वहीं लोगों ने चेतावनी दी है कि उक्त समस्या का शिघ्र समाधान नहीं करवाया गया तो सडक जाम आदोलन करने के लिए बाध्य होना पडेगा, जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी।

114 शिक्षक एवं 16 संस्था प्रधान सम्मानित

रतनगढ़ (निसं)। सृजनात्मक समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी का 39वां वार्षिकोत्सव शनिवार सायं लिंक रोड स्थित शांति देवी सोहनलाल भरतिया सामुदायिक भवन में आध्यात्मिक संत स्वामी विमर्शानंद गिरि महाराज महंत शिव बाड़ी बीकानेर के सान्निध्य में समारोहपूर्वक हुआ।

उमादेवी गिरधारीलाल सराफ परिवार अहमदाबाद के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के संरक्षक श्रेष्ठीवर भरत कुमार जालान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीईओ माध्यमिक चूरू संतोष कुमार महर्षि, विशिष्ट अतिथि सीबीईओ संदीप व्यास, साहित्यकार डॉ. बालकृष्ण कौशिक सरदारशहर एवं स्वागताध्यक्ष समाजसेवी विवेक कुमार सराफ अहमदाबाद मंचस्थ अतिथि थे। मुख्य वक्ता स्वामी विमर्शानंद गिरि महाराज ने वर्तमान शिक्षा पद्धित में नैतिक मूल्यों के अधिकाधिक समावेश पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रथम उद्देश्य राष्ट्र की भावी पीढ़ी को सशक्त और चरित्रवान बनाना है। साहित्यकार डॉ. बालकृष्ण कौशिक ने अपने जीवन के विविध संस्मरण सुनाते हुए रतनधरा के महान् विद्वानों के योगदान पर प्रकाश डाला।

संस्था के निदेशक रघुनंदन धरेंद्र ने सोसायटी के सेवा कार्यों की जानकारी दी तथा चंद्रप्रकाश कोका ने आभार व्यक्त किया। मंचस्थ अतिथियों का सोसायटी के प्रदीप कुमार शर्मा, महेश कुमार सीमार, कन्हैयालाल चौमाल, नंदकुमार माटोलिया, दौलतराम पोद्दार, महेंद्र लूंडिया, नरोत्तम लाल सोनी, खींवाराम शर्मा, विष्णुदत्त धर्ड, सांवरमल सोनी, सचिन विरमानी, गिरधारी लाल स्वामी, मुकेश वर्मा, देवीसिंह पंवार आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. बालकृष्ण कौशिक सरदारशहर को शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय अवदान के लिए 25 वां रामगोपाल गिरधारीलाल सराफ अलंकरण प्रदान किया गया। डॉ. कौशिक को प्रशस्ति पत्र एवं अलंकरण के साथ 11000/- की राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में नगरपालिका क्षेत्र रतनगढ़ के विद्यालयों के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा 2025 में सर्वोच्च अंक प्राप्त 16 मेधावी विद्यार्थियों, अपने विषय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 114 शिक्षकों और माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय का 100 प्रतिशत परिणाम वाले विद्यालयों के 16 संस्था प्रधानों सहित 146 जनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजश्री सराफ, मो. अनवर कुरैशी, कुलदीप व्यास, जयप्रकाश ताम्रायत, राजेंद्र सिंह बिदावत, ओमप्रकाश जांगिड़, ताडकेश्वर पुरोहित, मनोज जोशी, मनोज चारण सहित कई गणमान्यजन, संस्था प्रधान, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश गहलोत और राकेश नायक ने संयुक्त रूप से किया।